# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाजपुर
# (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड
# हिंदी विभाग

**Website : [www.gpgcbazpur.in](http://www.gpgcbazpur.in)** **E-mail : hindivibhag2@gmail.com**

**सत्र** **: 2023-24**
**कार्यक्रम का नाम** **: भाषण प्रतियोगिता** [नशा मुक्त अभियान]
**दिनांक** **: 22-03-2024**

## रिपोर्ट :

बाजपुर। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में हिंदी विभागीय परिषद द्वारा नशा मुक्त अभियान के प्रचार-प्रसार, जागरूकता के लिए क, ख और ग वर्ग में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जब मैंने एक नशाखोर को देखा, नशे का युवा-युवाओं पर प्रभाव, फिल्म, समाज और नशा, नशे के केन्द्र में शिक्षण संस्थान, नशा मेरे आसपास और मेरी सावधानी, नशा और नशा मुक्त उत्तराखण्ड को लेकर मेरी सोच, और मेरी बात: जब नशे के कारण पड़ोस का एक हँसता-मुस्कुराता परिवार उजड़ गया आदि विषयों पर बहुत बेबाकी से अपने-अपने विचार व्यक्त किए। भाषण प्रतियोगिता के क वर्ग में बीए द्वितीय सेमेस्टर की अंशिका गुप्ता प्रथम, बीए चतुर्थ सेमेस्टर की अंजली द्वितीय, बीए चतुर्थ सेमेस्टर के राहुल सिसौदिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



भाषण प्रतियोगिता के ख वर्ग में बीए द्वितीय सेमेस्टर की काजल प्रथम, बीए चतुर्थ सेमेस्टर की मन्तशा बी और कविता संयुक्त रूप से द्वितीय और द्वितीय सेमेस्टर की दिव्या तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार ग वर्ग में बीए द्वितीय सेमेस्टर की उजमा खान ने प्रथम, बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की उर्वशी सैनी द्वितीय और बीए चतुर्थ सेमेस्टर के सुखप्रीत सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक योग विज्ञान विज्ञान के डॉ. रंजीत, वर्तमान छात्रसंघ उपाध्यक्ष आरती और पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष दीपक कुमार चौधरी थे।

इससे पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. केके पांडे ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि होली जैसे पवित्र पर्व का स्वरूप नशे के कारण बिगड़ गया है, अतः इस बात का ध्यान रहे कि ये नशा, जो कि हजारों लाखों परिवारों को लील चुका है, हम इससे सावधान रहें और अपनी ऊर्जा, समय और समझ को देशहित में उपयोग करें।




हिंदी विभाग के डॉ. खेमकरण 'सोमन' ने भांग, गांजा, चरस, ब्राउन शुगर, हेरोइन और कोकीन का उल्लेख करते हुए वाडा (वर्ल्ड एंटी डोपिंग एजेंसी) और नाडा (नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी) के विषय में विस्तार से बताते हुए नशे का जीवन, समाज और देश पर पड़ रहे नकारात्मक प्रभाव के विषय में बताया।

इस अवसर पर हिंदी विभाग की विभाग प्रभारी डॉ. संध्या चौरसिया, डॉ. संगीता, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि विशाल कुमार, छात्रसंघ सचिव आदर्श कुमार, छात्रसंघ उपाध्यक्ष पंकज कुमार बिपाशा, दीपा सागर, सोनम, नितिका, आदित्य पांडे, मंजू, गुनगुन सिसौदिया और विवेक सैनी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के डॉ. खेमकरण सोमन ने किया।

---



बाजपुर में पीजी कालेज में भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पहुंचे विद्यार्थी।

# अंशिका प्रथम और अंजली को मिला दूसरा स्थान

**बाजपुर** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी विभागीय परिषद की ओर से नशा मुक्त अभियान के प्रचार–प्रसार एवं जागरूकता के लिए क, ख और ग वर्ग में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने एक नशाखोर को देखा, नशे का युवा–युवाओं पर प्रभाव, फिल्म, समाज और नशा, नशे के केंद्र में शिक्षण संस्थान, नशा मेरे आसपास और मेरी सावधानी, नशा और नशा मुक्त उत्तराखंड को लेकर मेरी सोच, और मेरी बात, जब नशे के कारण पड़ोस का एक हंसता–मुस्कुराता परिवार उजड़ गया आदि विषयों पर बहुत बेबाकी से विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता के क वर्ग में बीए द्वितीय सेमेस्टर की अंशिका गुप्ता प्रथम, बीए चतुर्थ सेमेस्टर की अंजली द्वितीय, बीए चतुर्थ सेमेस्टर के राहुल सिसौदिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार ख वर्ग में बीए द्वितीय सेमेस्टर की काजल प्रथम, बीए चतुर्थ सेमेस्टर की मंतशा बी और कविता संयुक्त रूप से द्वितीय तथा द्वितीय सेमेस्टर की दिव्या तृतीय स्थान पर रही। इसके अलावा ग वर्ग में बीए द्वितीय सेमेस्टर की उजमा खान ने प्रथम, बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की उर्वशी सैनी द्वितीय और बीए चतुर्थ सेमेस्टर के सुखप्रीत सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक योग विज्ञान विज्ञान के डा .रंजीत, वर्तमान छात्रसंघ उपाध्यक्ष आरती और पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष दीपक कुमार चौधरी रहे।

---

**अमृत विचार**– 23 **मार्च** 2024, **हल्द्वानी (नैनीताल) से प्रकाशित।**

# नशा मुक्ति को लेकर भाषण प्रतियोगिता आयोजित



बाजपुर( उद संवाददाता)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में हिंदी विभागीय परिषद द्वारा नशा मुक्त अभियान के प्रचार-प्रसार, जागरूकता के लिए क, ख और ग वर्ग में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जब मैंने एक नशाखोर को देखा, नशे का युवा-युवाओं पर प्रभाव, फिल्म, समाज और नशा, नशे के केन्द्र में शिक्षण संस्थान, नशा मेरे आसपास और मेरी सावधानी, नशा और नशा मुक्त उत्तराखण्ड को लेकर मेरी सोच, और मेरी बात: जब नशे के कारण पड़ोस का एक हँसता-मुस्कुराता परिवार उजड़ गया आदि विषयों पर बहुत बेबाकी से अपने- अपने विचार व्यक्त किए। भाषण प्रतियोगिता के क वर्ग में बीए द्वितीय सेमेस्टर की अंशिका गुप्ता प्रथम, बीए चतुर्थ सेमेस्टर की अंजली द्वितीय, बीए चतुर्थ सेमेस्टर के राहुल सिसौदिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता के ख वर्ग में बीए द्वितीय सेमेस्टर की काजल प्रथम, बीए चतुर्थ सेमेस्टर की मन्तशा बी और कविता संयुक्त रूप से द्वितीय और द्वितीय सेमेस्टर की दिव्या तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार ग वर्ग में बीए द्वितीय सेमेस्टर की उजमा खान ने प्रथम, बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की उर्वशी सैनी द्वितीय और बीए चतुर्थ सेमेस्टर के सुखप्रीत सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक योग विज्ञान विज्ञान के डॉ. रंजीत, वर्तमान छात्रसंघ उपाध्यक्ष आरती और पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष दीपक कुमार चौधरी थे। इससे पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. केके पांडे ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि होली जैसे पवित्र पर्व का स्वरूप नशे के कारण बिगड़ गया है, अत: इस बात का ध्यान रहे कि ये नशा, जो कि हजारों लाखों परिवारों को लील चुका है, हम इससे सावधान रहें और अपनी ऊर्जा, समय और समझ को देशहित में उपयोग करें। हिंदी विभाग के डॉ. खेमकरण सोमन ने भांग, गांजा, चरस, ब्राउन शुगर, हेरोइन और कोकीन का उल्लेख करते हुए वाडा (वर्ल्ड एंटी डोपिंग एजेंसी) और नाडा (नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी) के विषय में विस्तार से बताते हुए नशे का जीवन, समाज और देश पर पड़ रहे नकारात्मक प्रभाव के विषय में बताया। इस अवसर पर हिंदी विभाग की विभाग प्रभारी डॉ. संध्या चौरसिया, डॉ. संगीता, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि विशाल कुमार, छात्रसंघ सचिव आदर्श कुमार, छात्रसंघ उपाध्यक्ष पंकज कुमार बिपाशा, दीपा सागर, सोनम, नितिका, आदित्य पांडे, मंजू, गुनगुन सिसौदिया और विवेक सैनी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. खेमकरण सोमन ने किया।

**दिनांक 28 मार्च 2024, रूद्रपुर (जिला-ऊधम सिंह नगर) से प्रकाशित।**